अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के समीप होटल खोलना

3636. **श्री नवाब सिंह चौहान : क्या पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के समीप एक होटल खोलने का है जहां विभिन्न मुस्लिम राष्ट्रों और अन्य देशों से प्रति वर्ष पर्यटक आते हैं ;

(ख) क्या आगरा और लखनऊ जाते हुये जो पर्यटक बीच में अलीगढ़ रुकते हैं उनके लिए वहां कोई उपयुक्त होटल नहीं है ; और

(ग) यदि हां, तो पर्यटकों को उपयुक्त सुविधाओं की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये सरकार इस दिशा मे क्या कार्यवाही कर रही है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) अभी नहीं ।

(ख) पर्यटन विभाग की अनुमोदित सूची में अलीगढ़ में कोई होटल नही है ।

(ग) अन्य प्राथमिकताओं के कारण, अलीगढ़ में सरकारी क्षेत्र में कोई होटल बनाने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।

ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखायें खोलना

3637. **श्री यज्ञदत्त शर्मा** : क्या **वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्र में बैंकों की शाखायें खोलने को प्रोत्साहन दे रही है; और

(ख) यदि हां, तो 1977-78 में और कितने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की शाखायें खोली जायेंगी ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) जी हां ।

(ख) 1977 के शाखा विस्तार की ठोस योजना के अन्तर्गत भारतीय रिजर्व बैंक ने कुल मिलाकर 2173 ग्रामीण क्षेत्रों में शाखाएं खोलने के लिए वाणिज्यिक बैंकों को अनुमति दी है । मई, 1977 के अन्त तक ऐसे केन्द्रों के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पास पड़े 654 लाइसेंसों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शाखाएँ खोलने के लिए बैंकों के पास 3114 लाइसेंस/आवंटन पत्र थे । आशा है 1977-78 के दौरान इनी में से अधिकांश केन्द्रों में शाखाएँ खुल जायेंगी।

Purchase of Raw Jute through Jute Corporation of India

3638. SHRI SAUGATA ROY: Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state:

(a) whether Government propose to increase the quantity of raw jute for purchase through Jute Corporation of India in the current season; and

(b) if so, the number of direct purchasing centres to be further opened by the Jute Corporation of India for procurement?

THE MINISTER OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND CO-OPERATION (SHRI MOHAN DHARIA): (a). Yes, Sir.

(b). The number of departmental purchase centres is proposed to be increased from 87 to 100 in the current year. In addition, the JCI has planned to open 20 sub-centres in the current year. Besides efforts are being made to have the cooperation of the State Governments in the matter.